प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि देशभर के किसानों के खाते में भेजी गई। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के किसानों के खाते में लगभग एक हजार 383 करोड़ रुपए भेजे गए। ——डॉ. मोहन यादव, सीएम, मप्र

संक्षिप्त खबरें

स्मैक के साथ एक दबोचा

सेलाकुई। पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 7.30 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। कोतवाल सहसपुर शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि के तहत कोतवाली पुलिस की ओर से खंडहर, सुनसान जगहों पर लगातार चेकिंग की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार रात को चेकिंग के दौरान चांचक रेशमफार्म के पास खाली प्लाट से एक आरोपित को 7.30 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपित की पहचान साहिल पुत्र मोहम्मद गुलशेर निवासी बड़ा रामपुर सहसपुर के रूप में हुई है।

सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार घायल

सेलाकुई। राजारोड पर बुलेट और स्कूटी में टक्कर हो गई। जिससे बुलेट सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज ग्राफिक एरा अस्पताल में चल रहा है। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि सिघांधु छाबड़ा ने तहरीर दी है। बताया कि उसका पुत्र तुषार व उसका दोस्त कार्तिक बुलेट मोटरसाइकिल से राजा रोड से भाऊवाला जा रहे थे। इस दौरान बिना हेलमेट पहने एक स्कूटी सवार ने बिना इंडिकेटर दिए ही स्कूटी मोड़ दी। जिससे उनके पुत्र की बुलेट स्कूटी से टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

श्री परशुराम महासभा ने किया पौधरोपण

ऋषिकेश। श्री परशुराम महासभा ने आवासीय विद्यालय नाभ हाउस में पौधरोपण किया। इस मौके पर विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन की दिशा में परशुराम सभा द्वारा हर वर्ष पौधरोपण कार्यक्रम किया जाता है। यह एक सराहनीय प्रयास है। विशिष्ट अतिथि मेयर अंभू पासवन और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य पर्यावरण की दिशा में निश्चित रूप से यह एक मिल का पत्थर साबित होगा। परशुराम सभा के अध्यक्ष संदीप शास्त्री ने कहा कि पर्यावरण के दृष्टिकोण से पौधारोपण हमे दैनिक आपदाओं से बचा सकता है। इस मौके पर पार्षद रिया ध्यानी, पार्षद सरोजिनी थपलियाल, पंकज शर्मा, दीपक धमीजा, अजय कालड़ा, राजेश गौतम, अरविंद जैन, एसपी अग्रवाल, हरीश ढींगरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कविता शाह, पार्षद रीना आदि थे।

विद्युत लाइन बहने से चार ग्रामसभाओं में पसरा अंधेरा

■ सोमवार दोपहर से गुल हुई बत्ती मंगलवार की रात तक नहीं हो सकी बहाल

ऋषिकेश(एसएनबी)। सौंग नदी की बाढ़ में ऊर्जा निगम की 33 केवी की लाइन बहने के बाद से रायवाला क्षेत्र की चार ग्रामसभाओं में अंधेरा पसरा हुआ है।

सोमवार दोपहर से गुल हुई बत्ती मंगलवार की रात तक बहाल नहीं हो सकी। बिजली उप्र होने से गांवों में पेयजल की सप्लाई भी लड़खड़ा गई, जिससे स्थानीय लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। निगम के कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद भी बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में हताहार की स्थिति बन रही है। दरअसल, ऊर्जा निगम के वीरभद्र स्थित 220केवी सब स्टेशन से 33केवी की लाइन के माध्यम से रायवाला के बिजलीघर को सप्लाई की जाती है। बीते सोमवार को यह लाइन सौंग नदी में बाढ़ के चलते बह गई थी, जिसमें निगम की करीब एक हजार मीटर केबिल, तीन खंभे और दो कवर्ड कंडक्टर भी बाढ़ की चपेट में आकर बह गए हैं। इससे लगभग 50 लाख रु पये का नुकसान निगम को हुआ है। वही, सोमवार दोपहर की इस घटना के बाद रायवाला के गौहरीमाफी, प्रतीतनगर, रायवाला और खांडगांव में पांच हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां अंधेरा पसरा हुआ है। हालांकि, ऋषिकेश डिविजन के अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही एक वैकल्पिक लाइन भी क्षेत्र में आपूर्ति के लिए तैयार की जाएगी, जिससे किसी भी तरह की आपात स्थिति में सप्लाई को सुचारू रखा जा सके। नई लाइन बिछाने का काम जारी है। जल्द सप्लाई को बहाल कर दिया जाएगा।

बारिश से दुकान ढही, पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

मसूरी। बारिश के कारण मसूरी कैंपटी रोड पर लकेबिर सिंह गुसांई की दुकान गिर गयी, जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। बताया कि घटना सुबह पांच बजे की है। सूचना पर पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, सभासद गणेश सिंह कंडारी व प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार कमल राठौर व गोविंद मौके पर पहुंचे व घटना का निरीक्षण किया।

डांडामंडल के 82 गांवों का संपर्क कटा

■ लोगों को बीन नदी के उफान से वजह से लंबी दूरी तय करनी पड़ रही तय

ऋषिकेश(एसएनबी)। बारिश के कारण बीन नदी में उफान पर है। जिस कारण से यमकेश्वर प्रखंड के डांडामंडल के 82 से ज्यादा गांवों का संपर्क ऋषिकेश से कट गया है। हरिद्वार-ऋषिकेश आवाजाही करने वाले लोगों को भी नदी के उफान से वजह से लंबी दूरी तय करने को मजबूर होना पड़ रहा है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर वाहनों की आवाजाही को भी प्रतिबंधित किया है। निगरानी के लिए दोनों किनारों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

भारी बारिश में बरसाती नदी बीन इन दिनों उफान पर है। नदी में पहाड़ से बोल्डर और पेड़ तक बहकर आ रहे हैं। बैराज-चीला मार्ग स्थित नदी पर आज तक पुल का निर्माण नहीं होने से एक बार फिर डांडामंडल के 82 गांवों का संपर्क ऋषिकेश से कट गया है। हरिद्वार-ऋषिकेश आवाजाही करने वाले लोगों को भी अब रायवाला होते हुए लंबी दूरी तय कर आना-जाना पड़ रहा है। खासकर डांडा मंडल के गांवों में बीमार या अन्य कोई आपात स्थिति में लोगों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ रही है।

चेतावनी के निशान से ऊपर बह रही गंगा

ऋषिकेश(एसएनबी)। लगातार हो रही बारिश से गंगा फिर उफान पर है। गंगा चेतावनी निशान को पार कर गई है। जलस्तर बढ़ने से स्नानघाट जलमग्न हो गये। बीते कुछ दिनों से लगातार गंगा का जलस्तर घट-बढ़ रहा है।

उधर,बारिश से शहर की सड़कों के हाल बुरे हैं। कीचड़ और जल भराव होने से लोग परेशान हैं। मंगलवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 को पारकर 339.57 आरएल मीटर तक पहुंच गया। दिनभर गंगा चेतावनी निशान को पार कर बहती रही। जलस्तर बढ़ने से ऋषिनगरी के तमाम घाट जलमग्न हो गये।

ऋषिकेश में खतरे का निशान 340.50 मीटर पर है। उधर, बारिश के चलते सौंग, सुसवा के साथ बरसाती नदियां खारासोत, चंद्रभागा भी उफान पर रही। जलस्तर बढ़ने पर पुलिस ने चंद्रभागा तट पर पार्क वाहन हटवाये। दूसरी ओर बारिश के चलते शहर बदहाल हो गया है। जगह-जगह जल भराव होने से लोगों की दिक्कत बढ़ गई है।

परमार्थ निकेतन की शिवमूर्ति।

हैरानी है कि दशकों से यहां बीन नदी पर पुल निर्माण की मांग की जा रही है, जिसमें कुछ समय पहले कागजी करसत भी शुरू हुई थी, लेकिन जमीन पर कुछ भी होता नजर नहीं आया है। मालूम हो कि पीडब्ल्यूडी की दुगड्डा डिवीजन ने यहां पुल के लिए प्रस्ताव तैयार किया था, मगर कभी राजाजी पार्क, तो कभी किसी अन्य अड़चन का हवाला देते हुए पुल का निर्माण शुरू नहीं किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह ने बताया कि बीन नदी पर पुल निर्माण के लिए 23 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। फिलहाल टेंडर प्रक्रिया चल रही है। यहां करीब 150 मीटर लंबा और आठ मीटर चौड़ा टूलेन पुल निर्माण किया जाना है।

शहर के पुरानी चुंगी, सब्जी मंडी, हरिद्वार मार्ग, पुष्कर मंदिर मार्ग, वनखंडी, गंगानगर समेत कई इलाकों में बरसाती पानी के साथ कीचड़ जमा होने से लोग परेशान रहे।

खैरी कलां में सियार कर रहा लोगों पर हमला

■ कई लोग हो चुके घायल, वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगाया

रायवाला(एसएनबी)। ग्राम सभा खैरी कलां में एक जंगली जानवर कई लोगों को काटकर घायल कर चुका है। वन विभाग ने उक्त जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया।

खैरी कला में एक होटल के पीछे एक बालिका अपनी सहेली के घर जा रही थी तो खेत से सियार की तरह दिखने वाला एक जानवर उसके ऊपर झपट पड़ा और नाखून मार दिए। इसके बाद उसने गली नंबर 2 में मीना राणा व डब्बू राणा को घायल काट रही थी। उन पर भी झपट्टा मार के घायल कर दिया। मीना राणा को इलाज के लिए जॉलीग्रांट ले जाया गया है। जंगली जानवर द्वारा लगातार आक्रमण करने से खैरी कला व उसके आसपास के गांव वाले भी भयभीत हैं। लोगों का कहना है कि सियार डरपोक जानवर होता है। वो आदमी को देखकर के भागता है। मगर जिस तरह से वह लोगों पर आक्रमण कर रहा है लोग इस बात से भयभीत हैं कहीं उसको रेबीज ना हो रखा हो। रात्रि के समय लोगों ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है।

इस संबंध में स्थानीय व्यक्ति शीशपाल पोखरियाल ने कहा कि सियार के एक के बाद एक हमले से लोग भयभीत हैं। उन्होंने वन विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में वन विभाग के बीट अधिकारी महेंद्र से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि एक पिंजरा लगा दिया गया है और दूसरा पिंजरा आज शाम तक लगा दिया जाएगा। पहले यह पता किया जाएगा कि यह जानवर कौन सा है।

प्रतिमाओं पर की सफाई

मसूरी। भाजपा मसूरी मंडल ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत देश की आजादी में योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों व मुख्य चौकों सहित शहीद स्थल की प्रतिमाओं सहित उप जिला चिकित्सालय में स्वच्छता अभियान चलाया। मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष रजत अग्रवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने उप जिला चिकित्सालय में सफाई अभियान चलाया व कूड़ा एकत्र कर निस्तारण के लिए भेजा। उसके बाद प, दीन दयाल उपाध्याय पार्क लंढौर, शहीद भगत सिंह चौक कुलड़ी, इंद्रमणि बडोनी चौक, शहीद स्थल झूलाघर, बाबा डा. भीमराव अबेडकर चौक व गांधी चौक पर लगी प्रतिमाओं की साफ सफाई की। इस मौके पर मंडल महामंत्री नरेंद्र मेलवाल, पूर्व महामंत्री कुशाल राणा, शुभ विश्नोई, गुड मोहन राणा, विजय बिंदवाल, कमला थपलियाल आदि थे।

नशीले कैप्सूलों के साथ तीन गिरफ्तार

■ एक आरोपित देहरादून के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान में है अध्यनरत

सेलाकुई (एसएनबी)। सेलाकुई पुलिस ने प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों के साथ एक नामी शिक्षण संस्थान के छात्र, मेडिकल स्टोर संचालक सहित तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 530 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए गए थे।

थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बाया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। बताया कि सोमवार रात को चेकिंग के दौरान नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 480 प्रतिबंधित नशे के कैप्सूल बरामद किए गए। आरोपितों की पहचान पीलीभीत निवासी शादाब सिद्दीकी व मोहम्मद मोहिद के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपित शादाब ने बताया कि वह देहरादून में एक प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान में अध्यनरत है। जहां पर वीएमआरआईटी कोर्स कर रहा है। मोहम्मद मोहिद उसी के गांव का रहने वाला है और सेलाकुई में मजदूरी करता है। दोनों एक ही कमरे में सेलाकुई में किराये पर रहते है। अपने खर्चों को पूरा करने के लिए वह वसीम जिसका जमनपुर में शान मेडिकल स्टोर के नाम से मेडिकल स्टोर है। वहां से प्रतिबंधित कैप्सूल खरीदते हैं। जिसके बाद ऊंचे दामों पर बेच देते थे। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ भी एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मेडिकल संचालक वसीम पुत्र नजीर अहमद निवासी सभावाला को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से भी पचास प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए गए।

ब्लॉक प्रमुख के लिए भाजपा-कांग्रेस में 20-20 का मुकाबला

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

ऋषिकेश।

■ पिछली बार भाजपा का रहा ब्लॉक प्रमुख, इस बार सत्ता की जंग और तेज

■ 14 अगस्त को 40 क्षेत्र पंचायत सदस्य करेंगे हार-जीत का फैसला



ब्लॉक प्रमुख व उप ब्लॉक प्रमुख का पद अपने कब्जे में रखा था, लेकिन इस बार कांग्रेस ने मजबूत वापसी की तैयारी कर रही है। दोनों दल जीत के दावे जोर-शोर से कर रहे हैं। भाजपा अपने विकास कार्यों को लेकर चुनावी मैदान में उतरी है, वहीं कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता का विश्वास जीतने की कोशिश शुरू कर दी है। चुनावी माहौल में दोनों पक्षों के नेता एक-दूसरे पर जमकर कटाक्ष कर रहे हैं। भाजपा ने कांग्रेस को विकास के मुद्दों से भटकाव का आरोप लगाया है, जबकि कांग्रेस ने भाजपा की पिछली सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए हैं। राजनीतिक लोगों का मानना है कि 20-20 के इस बराबर मुकाबले में हर वोट की अहमियत दो गुनी हो जाती है। 14 अगस्त को 40 क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा किए गए मतदान निर्णय से स्पष्ट होगा कि इस बार ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी किसके नाम होगी। चुनाव के नतीजे डोईवाला की राजनीति में नया मोड़ ला सकते हैं, क्योंकि पिछली बार भाजपा का कब्जा था और अब कांग्रेस भी पूरी ताकत से यहाँ सत्ता करने को तैयार है।

ब्लॉक प्रमुख पर छह दावेदार

डोईवाला ब्लॉक प्रमुख चुनाव भले ही छोटा हो लेकिन मुकाबला जबरदस्त है। ब्लॉक प्रमुख पद पर कुल 6 ही उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिनमें से 2 ब्लॉक प्रमुख, 2 ज्येष्ठ और 2 कनिष्क प्रमुख पदों के लिए सीधी टक्कर होने जा रही है। निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार ने कहा कि 14 अगस्त को ब्लॉक सभागार में मतदान और मतगणना दोनों एक साथ करा जाएंगे, जिससे चुनावी जंग का फैसला उसी दिन हो जाएगा। प्रशासन ने भी मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए है, ताकि हर वोट का सही सम्मान हो।

Garhwal Mandal Vikas Nigam Limited (GMVN)
(A Govt. of Uttarakhand Undertaking)
74/1, Rajpur Road, Dehradun-248001 (Uttarakhand)
CIN U31101UR1978SGC004259
Ph.: 0135-2746817, 2749338 E-Mail: mis.gmvn@gmail.com
No.: 843/2025-निविदा Date: 12.08.2025
E-TENDER NOTICE
GMVN Invites Tenders from Reputed Vendors to provide the Selected Vehicles on Rent (Daily & Monthly) for official use in GMVN
Tender details are available at www.uktenders.gov.in and www.gmvnonline.com. Last date of submission of Bid is 03.09.2025 upto 1500 Hrs. Further updates will be available only on these websites therefore interested parties are advised to visit these websites regularly.
Managing Director

HDFC BANK
We understand your world
कब्जे का नोटिस
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
शाखा का पता: द्वितीय एवं तृतीय तल, प्रीमियर प्लाजा, 106 राजपुर रोड, एस्टेले हॉल के सामने, देहरादून–248 001
Tel.: 18002100018 CIN : L65920MH1994PLC080618 वेबसाइट : www.hdfcbank.com

जैसा कि **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में (मनपीय एनसीएलटी–मुम्बई द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन योजना के आधार पर पूर्ववर्ती एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)** वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन एक मांग सूचना जारी की जिसमें निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) को उनके नाम के सामुद्य दर्शाई गई राशि के साथ कथित सूचना में दर्शाए गए अनुसार लागू दरों पर उसमें लगने वाले ब्याज की कथित सूचना (ओं) की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक प्रासंगिक व्यय, लागत, प्रभार आदि का भुगतान करने के लिए कहा गया।

क्र. सं.	उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिसों और कानूनी प्रतिनिधियों का नाम	होम लोन एवं ऑर्डेड कार्ड देय धनराशि (रु०)*	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि	अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण
1.	श्री संदीप कुमार (ऋणी) श्रीमती कुसुम लता (सह–ऋणी)	14,63,097/– दिनांक 28.02.2025 तक एवं 1,51,290.01 दिनांक 07.03.2025 तक	31.03.2025	08.08.2025 सांकेतिक	सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग भूखण्ड नं० 23 पर खुला प्लाट गाटा नं० 74 मिन ग्राम कोलंदा तहसील रुद्रपुर जिला ऊधमसिंह नगर, वर्तमान और भविष्य दोनों का निर्माण सहित, साइड माप : साइड माप : 20x40, **प्लाट क्षेत्रफल: 74.34 वर्ग मी०/799.89 वर्ग फुट एवं कवर्ड क्षेत्रफल: 120 वर्ग मी०/1291.2 वर्ग फुट, चौहद्दी: पू:** रास्ता 8.06 मीटर चौड़ा, **प:** प्लाट नं० 24, **उ:** प्लाट नं० 22 **द:** एकता विहार कालोनी
2.	श्री अभिका प्रसाद पाण्डेय (ऋणी) श्रीमती सुमित्रा (सह–ऋणी)	17,39,078/– दिनांक 28.02.2025 तक एवं 1,46,702.27 दिनांक 07.03.2025 तक	31.03.2025	08.08.2025 सांकेतिक	सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग खेत नं० 100 के मि पर आवासीय प्लाट जो कि प्राइवेट प्लाट नं० 23 का भाग, ग्राम लालपुर तहसील किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर, वर्तमान और भविष्य दोनों का निर्माण सहित, माप : **30x30 फुट, प्लाट क्षेत्रफल: 83.64 वर्ग मी०/900 वर्ग फुट एवं कवर्ड क्षेत्रफल: 93 वर्ग मी०/1000.68 वर्ग फुट, चौहद्दी: पू:** रास्ता, **प:** प्लाट नं० 25, **उ:** रास्ता, **द:** प्लाट नं० 23 का भाग
3.	श्री नरेन्द्र प्रसाद (ऋणी) श्रीमती कविता (सह–ऋणी)	18,58,747/– दिनांक 28.02.2025 तक एवं 74,687.37 दिनांक 07.03.2025 तक	31.03.2025	08.08.2025 सांकेतिक	सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग खाता नं० 01144 पर खुला प्लाट गाटा नं० 212मिन स्थित बालाजीपुरम फंज 2 कालोनी ग्राम किशनपुर, (वार्ड नं० 3) किशनपुर सिराई वार्ड तहसील किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर, वर्तमान और भविष्य दोनों का निर्माण सहित, साइड माप : **प्लाट क्षेत्रफल: 83.64 वर्ग मी०/30x30 फुट एवं कवर्ड क्षेत्रफल: 97.58 वर्ग मी०/1049.9 वर्ग फुट, चौहद्दी: पू:** मकान फमेली देवी, **प:** मकान मुन्नी देवी, **उ:** प्लाट अन्य व्यक्ति, **द:** रास्ता 7.57 मीट
4.	श्री आनन्द शर्मा (ऋणी) श्रीमती दीपक शर्मा (जमानतकर्ता)	12,53,127/– दिनांक 28.02.2025 तक एवं 43,662.76 दिनांक 07.03.2025 तक	31.03.2025	08.08.2025 सांकेतिक	सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग खाता नं० 02253 पर प्लाट खेत नं० 283 मिन, ग्राम में प्राइवेट प्लाट नं० 93 ग्राम कोलंदा तहसील रुद्रपुर जिला ऊधमसिंह नगर, वर्तमान और भविष्य दोनों का निर्माण सहित, साइड माप : **प्लाट क्षेत्रफल: 74.34 वर्ग मी०/20x40 फुट एवं कवर्ड क्षेत्रफल: 82.34 वर्ग मी०/885.97 वर्ग फुट, चौहद्दी: पू:** प्लाट नं० 86, **प:** रास्ता 7.62 मी० चौड़ा, **उ:**प्लाट नं० 92, **द:**रास्ता 7.62 मी० चौड़ा
5.	श्री गणेश कुमार (ऋणी) श्रीमती किरन रानी (सह–ऋणी)	38,15,117/– दिनांक 31.03.2025 तक	06.05.2025	08.08.2025 सांकेतिक	सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग खेत नं० 196 मि पर एक खुला प्लाट, साथ प्राइवेट प्लाट नं० 42, 43, 88 एवं 89, अमरदीप इन्क्लेव, ग्राम बिगवाड़ा, तहसील रुद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर, वर्तमान और भविष्य दोनों का निर्माण सहित, साइड माप : 30x60 फुट, **प्लाट माप क्षेत्रफल: 167.28 वर्ग मी०/1800 वर्ग फुट एवं कवर्ड क्षेत्रफल : 185.87 वर्ग मी०/2000 वर्ग फुट, चौहद्दी: पू:** रास्ता 6.06 मीटर, **प:** रास्ता 6.06 मीटर, **उ:** रास्ता 4.54 मीटर, **द:** विक्रेता की शेष सम्पत्ति

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक उचित लागू अनुसार आगे लगने वाले ब्याज, प्रासंगिक व्यय,लागत, प्रभार आदि के साथ, जैसा लागू हो।
हालांकि, उपरोक्त दर्शाए गए कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहें इसलिए एतद्द्वारा विशेषतः कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि **एचडीएफसी** के प्राधिकृत अधिकारी ने कथित अधिनियम के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त दर्शाई गई तिथियों को अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर **सांकेतिक कब्जा** कर लिया है।
विशेषतः उपरोक्त दर्शाए गए कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शाई गई अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति के साथ कोई भी लेनदेन न करें और कथित अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर कोई भी लेनदेन **एचडीएफसी** के बन्धक के अधीन होगा।
कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) को अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समय के भीतर प्रतिभूत परिसम्पत्ति/यों को मुक्त कराने की और से ध्यान अवकृष्ट किया जाता है।
अधिहस्तांतरी द्वारा उक्त ऋणी/कानूनन वारिसों/कानूनन प्रतिनिधियों से अनुरोध किया जाता है कि पंचनामा की तैयार प्रतियां उपलब्ध हैं, जिसे सामान्य कार्यालय अवधि के दौरान किसी भी कार्य दिवस में अधिहस्तांतरी से संबंधित प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं।

दिनांक: 13.08.2025
स्थान : रुद्रपुर
पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोअर पर्ल (पश्चिम) मुम्बई–400 013
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए
प्राधिकृत अधिकारी

विंडलास बायोटेक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 40/1, मोहबेवला इन्डस्ट्रीयल एरिया, एसबीआई रोड, देहरादून-248110 (उत्तराखण्ड), भारत
windlas
Telephone No: 0135-6608000 I **Email ID:** cs@windlasbiotech.com I **Website:** www.windlas.com
CIN: L74899UR2001PLC033407

30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए समेकित और स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

क्र० सं०	विवरण	स्टैण्डअलोन (रु० मिलियन में, इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर)			समेकित (रु० मिलियन में, इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर)		
		समाप्त तिमाही के लिए		समाप्त वार्षिक के लिए	समाप्त तिमाही के लिए		समाप्त वार्षिक के लिए
		30 जून, 2025 (अनअंकेक्षित)	30 जून, 2024 (अनअंकेक्षित)	31 मार्च, 2025 (अंकेक्षित)	30 जून, 2025 (अनअंकेक्षित)	30 जून, 2024 (अनअंकेक्षित)	31 मार्च, 2025 (अंकेक्षित)
1	संचालन से राजस्व	2,100.90	1,751.53	7,598.78	2,100.90	1,751.53	7,598.78
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर एवं विशिष्ट मदों से पहले)	232.58	183.11	793.94	232.57	183.11	797.58
3	कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (विशिष्ट मदों के बाद)	232.58	183.11	793.94	232.57	183.11	797.58
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (विशिष्ट मदों के बाद)	176.65	134.79	606.49	176.64	134.79	609.94
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए शामिल लाभ/हानि एवं अन्य व्यापक आय कर के बाद)	177.01	130.15	601.06	177.00	130.15	604.45
6	इक्विटी शेयर कैपिटल	104.80	104.50	104.80	104.80	104.50	104.80
7	पुनर्मूल्यांकन भंडार को छोड़कर भंडार			4,953.08			4,952.92
8	प्रति शेयर आय (रु० 5/- के प्रत्येक) (संचालन जारी रखने एवं बन्द करने के लिए)						
	1. बेसिक:	8.43	6.47	29.03	8.43	6.47	29.19
	2. डायल्यूटेड:	8.34	6.44	28.71	8.34	6.44	28.87

Notes:
1. स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षक समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 12 अगस्त, 2025 को आयोजित उनकी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के आंकड़े 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के संबंध में अंकेक्षित आंकड़ों और 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए प्रकाशित अनअंकेक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन का आंकड़ा है, जो वैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन थे।
2. उपरोक्त 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.windlas.com) पर उपलब्ध है। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी इसे प्राप्त किया जा सकता है।

स्थानः गुरुग्राम
तिथिः 12 अगस्त, 2025

विंडलास बायोटेक लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता०/-
हितेश विंडलास
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 02030941